Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of railway underpass near Bandikui Railline.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): सभापति महोदय, अपने संसदीय क्षेत्र दौसा के मध्य से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली–मुम्बई के संबंध में जो तकलीफ वहाँ के लोगों को हो रही है, उसके संदर्भ में मैं बताना चाहती हूँ । इसका निर्माण बड़ी तेजी से चल रहा है ।

22.17 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

महोदय, बांदीकुई के पास भोजवाड़ा और देलाड़ी गाँव सहित आस-पास के 25 गाँव ऐसे हैं, जहाँ बांदीकुई बासवा रेल लाईन के पिलर संख्या 175 से 500 के मध्य अण्डरपास का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है । वर्तमान में बाणगंगा नदी में ग्रेवल सड़क है, उससे आवाजाही चल रही है । इसके अवरूद्ध होने से लगभग 40 गाँवों की एक लाख की आबादी प्रभावित होती है । इसके बनने से 45 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा । गाँवों के किसानों की जमीन रोड के दोनों तरफ आ जाने के कारण वे अपनी जमीन को नहीं साध पाएंगे । ऐसी स्थिति में भोजवाड़ा गाँव के पास अण्डरपास बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है ।

माननीय अध्यक्ष जी, यह जनता की इतनी जबरदस्त माँग है, इस माँग के लिए आपके माध्यम से मैं परिवहन मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगी कि यह अण्डरपास अतिशीघ्र बनाया जाए । यदि इसको बनाया नहीं जाता है तो इससे लगभग एक लाख की आबादी बहुत ही परेशानी में आएगी । ऐसा हो सकता है कि वे बाधा डालने के लिए आँदोलन भी करने को तैयार हो जाएं ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल तथा

श्री सी.पी. जोशी को श्रीमती जसकौर मीना द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, मैं आप सब से आग्रह कर रहा हूँ, निवेदन कर रहा हूँ कि एक मिनट के बाद आपका माइक बंद हो जाएगा । इसलिए, मैं पुन: आग्रह कर रहा हूँ कि एक मिनट के बाद आपका माइक आटोमेटिक बंद हो जाएगा । So, hon. Members, please conclude in one minute.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu.